# Jharkhand Sector awarded Best provisioning Sector in 2018

During the 02 days Annual Provisioning Conference of CRPF held in New Delhi from Jan 10-11, 2019 , Jharkhand Sector CRPF has been adjudged as the Best Sector and Group Centre Ranchi of the Sector has been declared as the Best Group Centre, across CRPF. Shri Sanjay A. Lathkar, IG, CRPF, Jharkhand Sector is honoured to have received the Trophies yesterday at the auspicious hands of Shri R.R. Bhatnagar, Hon.DG CRPF at Shurya Hall in New Delhi.

It is a matter of great pride that our team integral for this has worked round the clock to ensure 100 % expenditure in all 04 crucial Budget Heads of the Government of India. By this, the critical demands of the fighting jawans posted across battalions of the Jharkhand Sector have been met out so as to improve their Operational capabilities. Sector did achieve this incredible feat 3 months before the end of Financial Year 2018-19.

Having at the helm of affairs of the Jharkhand Sector, Shri Sanjay A. Lathkar, IG, CRPF, Jharkhand Sector feel much elated with this distinction & express deep sense of gratitude towards the Team members & Colleagues who toiled hard to deliver. Shri Sanjay A. Lathkar, IG, CRPF, Jharkhand Sector also thank Hon. DG CRPF, Prov Dte & all Senior Officers for guiding us to glory.

Shri Sanjay A. Lathkar, IG, CRPF, Jharkhand Sector congratulated to the Team for undertaking the painstaking industrious approach and attaining the prized and prestigious distinction.

**"Great Things are never done by One Person.**
**They're done by a Team of People. "**





The Pioneer 13.01.2019

# CRPF Ranchi declared best provisioning sector



DG CRPF Rajeev Rai Bhatnagar felicitating CRPF IG Sanjay Anand Latkar during Annual Provisioning Conference-2019, at CRPF headquarters in New Delhi on Saturday. IGP CRPF Anupama Kulshrestha and others are also seen in the picture PNS

**PNS ■ RANCHI**

CRPF Jharkhand unit has been chosen as the best provisioning sector while Ranchi unit as the best group centre during the annual provisioning conference of the para-military force at New Delhi.

The CRPF inspector general Sanjay Lathekar received the trophy from DG CRPF Rajiv Rai Bhatnagar during the function, which was held on Friday.

It may be stated here the CRPF organises provisioning conference every year in which the performance of its units is assessed on various parameters including budget utilization, financial management and equipping the field battalion. The CRPF units are provided trophy under various categories.

The Jharkhand sector was declared the best for 100 percent utilization of budget and other factors.

The CRPF IG has praised the efficiency of subordinate CRPF offices in state and also wished them the best for future.

प्रभात खबर 13.01.2019

# सीआरपीएफ के कॉफ्रेंस में झारखंड ने लहराया परचम



बांये से आइजी सीआरपीएफ अनुपमा कुलश्रेष्ठा, सीआरपीएफ डीजी राजीव राय भटनागर, झारखंड के आइजी संजय आनंद लाठकर व एडीजी सीआरपीएफ जावेद अख्तर.

**वरीय संवाददाता** ▷ रांची

सीआरपीएफ मुख्यालय, नयी दिल्ली में आयोजित वार्षिक प्रोविजनिंग कॉफ्रेंस -2019 में झारखंड सेक्टर को सीआरपीएफ का सर्वश्रष्ठ प्रोविजनिंग सेक्टर घोषित किया गया. इसके साथ ही झारखंड सेक्टर के अधीन ग्रुप केंद्र, रांची को सीआरपीएफ का सर्वश्रेष्ठ ग्रुप केंद्र भी चयनित किया गया. आइजी संजय आनंद लाठकर ने उक्त सम्मेलन में झारखंड सेक्टर का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने सीआरपीएफ के महानिदेशक राजीव राय भटनागर के हाथों विजेता ट्रॉफी ग्रहण किया. इसके अतिरिक्त डीआइजी अखिलेश प्रसाद सिंह ने भी महानिदेशक सीआरपीएफ से विजेता ट्रॉफी ग्रहण किया. श्री लाठकर ने झारखंड सेक्टर के अधीन सभी अधीनस्थ कार्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं कार्य दक्षता की सराहना करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की है.

बता दें कि सीआरपीएफ प्रत्येक वर्ष अपने मुख्यालय में प्रोविजनिंग कॉफ्रेंस का आयोजन करती है. इसमें देश में स्थित सीआरपीएफ के समस्त सेक्टर एवं ग्रुप केंद्र के वरिष्ठतम अधिकारी भाग लेते हैं, जिसमें बजट उपयोग, वित्तीय प्रबंधन, परिचालनिक स्टोर, खरीदारी एवं फील्ड बटालियनों को सुसज्जित करने जैसे बिंदुओं पर विभिन्न कार्यालयों का मूल्यांकन किया जाता है. इन्हीं पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सेक्टर एवं ग्रुप केंद्र को विभिन्न श्रेणियों में ट्रॉफियों से सम्मानित किया जाता है. इस वर्ष झारखंड सेक्टर ने प्रोविजनिंग मद में आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग किया एवं अन्य बिन्दुओं पर भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया.

- **झारखंड सेक्टर के अधीन ग्रुप केंद्र, रांची को सीआरपीएफ का सर्वश्रेष्ठ ग्रुप केंद्र चुना गया**
- **प्रोविजनिंग मद में बजट का शत-प्रतिशत उपयोग किया झारखंड सेक्टर ने**

हिन्दुस्तान 13.01.2019

# सीआरपीएफ का झारखंड सेक्टर देश में सर्वश्रेष्ठ



सीआरपीएफ के झारखंड सेक्टर के आईजी संजय आनंद लाठकर ट्रॉफी ग्रहण करते।

**रांची।** सीआरपीएफ मुख्यालय दिल्ली में हुए वार्षिक प्रोवेजनिंग कान्फ्रेंस में झारखंड क्षेत्र को सीआरपीफ का सर्वश्रेष्ठ प्रोविजनिंग सेक्टर घोषित किया गया। झारखंड सेक्टर के ग्रुप केंद्र रांची को सर्वश्रेष्ठ केंद्र का खिताब भी मिला।

सीआरपीएफ हर साल अपने मुख्यालय में प्रोविजनिंग कान्फ्रेंस का आयोजन करता है। जिसमें देश के सभी सीआरपीएफ सेक्टर और ग्रुप केंद्र के वरिष्ठतम अधिकारी भाग लेते हैं। कान्फ्रेंस में बजट उपयोग, वित्तीय प्रबंधन, परिचालनिक स्टोर आदि को सुसज्जित करने जैसे बिन्दुओं पर कार्यालयों का मूल्यांकन किया जाता है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले सेक्टर और ग्रुप केंद्र को विभिन्न श्रेणियों में ट्रॉफियों से सम्मानित किया जाता है। झारखंड सेक्टर का प्रतिनिधित्व आईजी संजय आनंद लाटकर ने किया और ट्रॉफी ग्रहण की।

दैनिक जागरण 13.01.2019

# सीआरपीएफ का झारखंड सेक्टर पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ

**राब्यू, रांची** : सीआरपीएफ मुख्यालय नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक प्रोविजनिंग सम्मेलन-2019 में झारखंड सेक्टर पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ घोषित हुआ है। इतना ही नहीं, झारखंड सेक्टर के अधीन ग्रुप केंद्र रांची को सीआरपीएफ के सर्वश्रेष्ठ ग्रुप केंद्र के रूप में चयन किया गया है। सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर के आइजी संजय आनंद लाटकर ने इस सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया और सीआरपीएफ महानिदेशक से विजेता ट्राफी ग्रहण की। वहीं, डीआइजी अखिलेश प्रसाद ने महानिदेशक से विजेता ट्राफी ग्रहण की। सीआरपीएफ के आइजी झारखंड सेक्टर संजय आनंद लाटकर ने अधीनस्थों को उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।